समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# सी-डैक मे निकली बंपर भर्ती, इंजीनियर और फ्रेशर्स के लिए सुनहरा मौका, जाने आवेदन प्रक्रिया।

Publisher

Published on 27 Jun 2025




## 91 पदों पर निकली सी-डैक मे भर्ती, फ्रेशर और अनुभवी इंजीनियर्स दोनों के लिए अवसर, 09 जुलाई तक करे आवेदन।

**भर्ती का शानदार मौका, सैलरी 1.10 लाख तक**

**सी-डैक भर्ती:** अगर आप **कंप्यूटर** और **टेक्नोलॉजी सेक्टर** में करियर बनाना चाहते हैं और **सरकारी संस्था** में नौकरी का सपना देखते हैं, तो **C-DAC (Centre for Development of Advanced Computing)** ने आपको एक बेहतरीन मौका दिया है। **सी-डैक** की ओर से **प्रोजेक्ट स्टाफ** के 91 पदों पर भर्तियां निकाली गई हैं।

**पदों का विवरण**

**सी-डैक भर्ती 2025 के अंतर्गत जिन पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी, उनमे शामिल** हैं:

१. **प्रोजेक्ट मैनेजर**

२. **सीनियर प्रोजेक्ट इंजीनियर**

३. **प्रोजेक्ट इंजीनियर (फ्रेशर और अनुभवी)**

इन सभी पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को **सी-डैक** के विभिन्न प्रोजेक्ट्स पर काम करने का मौका मिलेगा।

**योग्यता और अनुभव**

१. **उम्मीदवार के पास भारत के किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से BE/B.Tech या समकक्ष डिग्री होना जरूरी है**।

२. **फ्रेशर्स के लिए भी मौके है, जबकि अनुभवी उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।**

**आयु सीमा**

१. **प्रोजेक्ट मैनेजर :** अधिकतम 56 वर्ष
२. **सीनियर प्रोजेक्ट इंजीनियर :** अधिकतम 40 वर्ष
३. **प्रोजेक्ट इंजीनियर (अनुभवी):** अधिकतम 45 वर्ष
४. **प्रोजेक्ट इंजीनियर (फ्रेशर):** अधिकतम 30 वर्ष
५. **आरक्षित वर्गों को नियमों के अनुसार आयु मे छूट दी जाएगी।**

**वेतनमान**

चयनित अभ्यर्थियों को **₹37,500 से ₹1,10,000 प्रतिमाह** तक वेतन मिलेगा, जो पदानुसार तय होगा।

**आवश्यक दस्तावेज**

१. **कक्षा 10वीं और 12वीं की मार्कशीट**
२. **ग्रेजुएशन/पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री**
३. **आधार कार्ड और पैन कार्ड**
४. **जाति प्रमाणपत्र (यदि लागू हो)**
५. **कार्य अनुभव प्रमाणपत्र (यदि लागू हो)**

**आवेदन प्रक्रिया और इंटरव्यू शेड्यूल**

१. **ऑनलाइन आवेदन की शुरुआत :** 25 जून 2025
२. **आवेदन की अंतिम तिथि :** 09 जुलाई 2025
३. **आधिकारिक वेबसाइट :** https://cdac.in
४. **वॉक-इन इंटरव्यू :** जुलाई के चौथे और पांचवें सप्ताह में
५. **समय :** सुबह 8:30 बजे से 10:30 बजे तक

**उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे वेबसाइट पर जाकर समय रहते आवेदन कर ले और इंटरव्यू के लिए सभी दस्तावेज तैयार रखे।**

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.